बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 270 /अका./ब.वि.वि./2021 जगदलपुर, दिनांक 09/04/2021

## //कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 31वीं बैठक दिनांक 09.04.2021 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। कोविड–19 के नियंत्रण हेतु शासन/प्रशासन द्वारा जारी सभी प्रोटोकाल एवं निर्देशों का पालन करते हुए बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा शेष निम्नलिखित सदस्य विडियो कॉन्फ्रेसिंग (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए :–

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

1. प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह , — अध्यक्ष
   कुलपति,
   बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
2. श्री अरविंद नेताम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार — सदस्य
   कुम्हार पारा, जगदलपुर जिला बस्तर
3. संभागीय संयुक्त संचालक, — वित्त–सदस्य
   कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर
4. डॉ. व्ही.के.पाठक, — सचिव
   कुलसचिव,
   बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

**गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित सदस्य**

5. डॉ. कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति, — सदस्य
   भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, निवासी–ई–3/22, नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल
6. श्री अनूप रंजन पाण्डेय, — सदस्य
   एच–15, सेलटैक्स कालोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
7. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य, — प्राचार्य–सदस्य
   शासकीय महाविद्यालय, सरोना।
8. डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य, — प्राचार्य–सदस्य
   शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर।
9. डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य, — प्राचार्य–सदस्य
   शासकीय नवीन महाविद्यालय, तोकापाल।



9/04/2021

**विषय क्रमांक – 1**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 30वीं बैठक दिनांक 29.01.2021 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 2**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 30वीं बैठक दिनांक 29.01.2021 के कार्यवृत्त के पालन प्रतिवेदन को कार्यपरिषद के पटल पर रखना।

**निर्णय :–**

कार्यपरिषद के पटल पर रखा गया।

**विषय क्रमांक – 3**

दिनांक 06.04.2021 को आयोजित विद्यापरिषद बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। डॉ. कमलाकर सिंह द्वारा दिये गये सुझाव अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग में नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने के विषय पर संबंधित पाठ्यक्रमों के अध्यादेश को पुनर्विचार हेतु विद्यापरिषद को वापस किया जाये।

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

सत्र 2019– 20 का वार्षिक प्रतिवेदन का मुद्रण कराये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

छ.ग. विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा–47 के अनुसार विधान सभा के पटल पर (बजट सत्र 2021 में) में रखे जाने हेतु बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 (300 बुक) का मुद्रण कार्य निविदा में स्वीकृत फर्म स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर से विश्वविद्यालय के मुद्रण आदेश क्रमांक/2092/भण्डार/ब.वि.वि./2020–21 जगदलपुर दिनांक 31.12.2020 कराया गया है। अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक/1815/33/2018/38–2 नवा रायपुर अटल नगर रायपुर दिनांक 25.01.2021 द्वारा फरवरी–मार्च 2021 सत्र विधान सभा के पटल पर रखे जाने वाले विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन की 150 प्रतियाँ मय 76 सी.डी. सहित शासन को उपलब्ध कराने हेतु लेख किया गया था। पुनः फर्म स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर को विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक/2229/भण्डार/ब.वि.वि./2020–21 जगदलपुर दिनांक 30.01.2021 द्वारा उपरोक्त मुद्रणादेश अनुसार वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 (300 बुक) का मुद्रण कार्य दिनांक 05 फरवरी 2021 तक मुद्रित कर निर्देशित किया गया था। मुद्रण संबंधी नस्ती के अनुसार फर्म द्वारा दिनांक 05 फरवरी 2021 तक मुद्रण कार्य पूर्ण कर वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 उपलब्ध कराये जाने पश्चात् विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक/2262/ब.वि.वि./2020–21 जगदलपुर दिनांक 05.02.2021 द्वारा 150 बुक उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन को भण्डार शाखा के माध्यम से प्रेषित किया गया है। निर्धारित समयावधि में तत्काल/समय–सीमा के भीतर उक्त कार्य सम्पादित किया जाना आवश्यक था। इसलिए मुद्रण पूर्व कार्यपरिषद से स्वीकृति प्राप्त नहीं की जा सकी थी। अतः वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 (300 बुक) का मुद्रण कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 को विधानसभा के पटल पर रखे जाने एवं 300 बुक का मुद्रण कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।



0 9 APR 2021

9/04/2021

**विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय विकास शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के पश्चिम प्रवेश द्वार से सड़क मार्ग का सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य पश्चात् लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को राशि रू. 2.17 लाख का भुगातन विश्वविद्यालय मद से किये जाने के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

दिनांक 20.02.2020 को आयोजित विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक/818/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 17.02.2020 के द्वारा कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को कार्यादेश जारी किया गया था तथा दिनांक 13.03.2020 को आयोजित विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 26वीं बैठक के विषय क्रमांक–5 के निर्णयानुसार उक्त निर्माण कार्य कराये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति दी गई है। अतः प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने पश्चात् लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को राशि रू. 2.17 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय मद से किये जाने की स्वीकृति के संबंध में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को राशि रू. 2.17 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय मद से किये जाने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 6 (विश्वविद्यालय विकास शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य सड़क मार्ग तक का सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य पश्चात् लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को राशि रू. 3.20 लाख का भुगातन विश्वविद्यालय मद से किये जाने के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

दिनांक 20.02.2020 को आयोजित विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक/799/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 14.02.2020 के द्वारा कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को कार्यादेश जारी किया गया था तथा दिनांक 13.03.2020 को आयोजित विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 26वीं बैठक के विषय क्रमांक–5 के निर्णयानुसार उक्त निर्माण कार्य कराये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति दी गई है। अतः प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने पश्चात् लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को राशि रू. 3.20 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय मद से किये जाने की स्वीकृति के संबंध में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को राशि रू. 3.20 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय मद से किये जाने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 7 (विश्वविद्यालय विकास शाखा का प्रस्ताव)**

द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु स्टेज, प्रशासनिक भवन की रंगाई–पोताई एवं मरम्मत कार्य कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार कराया गया है। जिसका कार्योत्तर स्वीकृति तथा प्राक्कलन की राशि रू. 3.30 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय मद से किये जाने के संबंध में।



0 9 APR 2021

9/4/2021

**विभागीय टीपः—**

विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 20.02.2020 को आयोजित किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक / 820 / अका. / ब.वि.वि. / 2020 जगदलपुर, दिनांक 17.02.2020 के द्वारा कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ / स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु विश्वविद्यालय परिसर के समारोह स्थल में स्टेज, प्रशासनिक भवन की रंगाई–पोताई एवं मरम्मत कार्य हेतु प्राक्कलन प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था। दीक्षांत समारोह की तिथि को ध्यान में रखते हुए कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ / स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार कार्य करने के लिए कार्यादेश विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक / 835 / अका. / ब.वि.वि. / 2020 जगदलपुर, दिनांक 18.02.2020 के द्वारा जारी किया गया था। जिसके अनुसार कार्य सम्पादित किया गया। अतः उपरोक्तानुसार कार्य कराये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति तथा प्रस्तावित प्राक्कलन की राशि रू. 3.30 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय मद से कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ / स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को किये जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :—**

उपरोक्तानुसार कार्य कराये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए लोक निर्माण विभाग (भ / स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर को राशि रू. 3.30 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय मद से किये जाने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 8 (विश्वविद्यालय विकास शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के भवन निर्माण हेतु धरमपुरा परिसर अन्तर्गत नवीन आबंटित भूमि (रकबा 25 एकड़) के चारो ओर बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य विश्वविद्यालय मद से कराये जाने के संबंध में।

**विभागीय टीपः—**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के धरमपुरा परिसर अन्तर्गत नवीन आबंटित भूमि में रूसा एवं अन्य मद के अन्तर्गत बी.एड., एम.बी.ए., एम.सी.ए. अध्ययनशाला भवन एवं 100 सीटर बालक छात्रावास का भवन निर्माण कार्य जारी है। किन्तु उक्त आबंटित भूमि में मुख्य मार्ग से निर्माणाधीन अध्ययनशाला भवनों एवं छात्रावास की सुरक्षा की दृष्टि से बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस हेतु कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ / स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक–1 जगदलपुर से राशि रू. 253.07 लाख का प्राक्कलन प्राप्त हुआ है।

उक्त बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य विश्वविद्यालय मद से कराये जाने की प्रशासकीय स्वीकृति सह अनुमति प्रदान करने का अथवा उच्च शिक्षा विभाग को उक्त प्राक्कलन प्रेषित करते हुए राशि रू. 253.07 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति सहित आबंटन जारी करने का प्रस्ताव प्रेषित किया जा सकता है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :—**

उक्त बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य हेतु प्रकरण भवन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर आगामी कार्यपरिषद में प्रस्तुत किया जाये।



09 APR 2021

9/4/2021

**विषय क्रमांक – 9 (कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

सेमेस्टर/विशेष परीक्षा, मार्च 2021 के कुल देयक राशि रू. 10,86,136/– का भुगतान विश्वविद्यालय के गोपनीय मद से किये जाने की स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की सेमेस्टर/विशेष परीक्षा मार्च 2021 का देयक बिल नं. GP/40/2021, Date 03.03.2021 मुद्रण/डिलिवरी/सिक्यूरिटी संबंधी देयक 9,69,763.00, IGST@12% का भुगतान 1,16,371.67 कुल देयक राशि रू. 10,86,136.00 के गोपनीय मुद्रण का भुगतान करने के लिए स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

कुल देयक राशि रू. 10,86,136.00 के गोपनीय मुद्रण का भुगतान करने के लिए स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 10 (विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के 10 अशैक्षणिक पदों के संबंध में।

**विभागीय टीप संशोधितः–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा 10 अशैक्षणिक पदों की भर्ती संबंधी जारी विज्ञापन क्रमांक 2460/ब.वि.वि./सा.प्रशा./2018 जगदलपुर, दिनांक 19.09.2018 एवं आयोजित लिखित परीक्षा दिनांक 11 से 18 नवबंर, 2019 तक लिखित परीक्षा आयोजित किये जाने के पश्चात विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के गठन संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना क्रमांक एफ 10–8/2019/1/एक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) दिनांक 04 सितम्बर, 2019 विश्वविद्यालय के संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही करते हुये एवं लिखित परीक्षा के परिणाम जारी नहीं करते हुये 10 पदों की भर्ती प्रक्रिया रोक दिया गया है। आगामी प्रक्रिया बस्तर विश्वविद्यालय द्वार पूर्ण किया जायेगा या छत्तीसगढ़ राजपत्र के अनुसार गठित विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड से किया जायेगा''

| क्र. | विवरण | आदेश क्रमांक एवं तिथि |
|---|---|---|
| 1 | बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में 10 अशैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति की प्राप्ति। | क्रमांक एफ 3–8/2017/38–2 दिनांक 11 जून, 2018 |
| 2 | 10 अशैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु छ.ग. शासन, वित्त विभाग से वित्तीय अनुमति की प्राप्ति। | क्रमांक एफ 3–8/2017/38–2 दिनांक 11 जून, 2018 |
| 3 | बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा 10 अशैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी। | क्रमांक 2460/ब.वि.वि./सा.प्रशा./2018 जगदलपुर, दिनांक 19.09.2018 |
| 4 | विज्ञापित 10 अशैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा आयोजन | दिनांक 11 से 18 नवबंर, 2019 तक लिखित परीक्षा आयोजित |
| 5 | बस्तर संभाग स्थित समस्त शासकीय विभागों, कार्यालयो एवं विश्वविद्यालयों में विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के गठन संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना जारी होना एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशन | क्रमांक एफ 10–8/2019/1/एक दिनांक 04 सितम्बर, 2019 |



0 9 APR 2021

9/4/2021

विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के गठन संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 10–8/2019/ 1/एक दिनांक 04 सितम्बर, 2019 जारी होने एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशन होने की जानकारी प्राप्त होने पर एवं छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 3686/916/2019/38–2 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.02.2020 के द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त होने पर आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम जारी नहीं करते हुये 10 पदों की भर्ती प्रक्रिया रोक दिया गया है।

**निर्णय :–**

10 अशैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया जाये एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना क्रमांक एफ 10–8/2019/1/एक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) दिनांक 04 सितम्बर, 2019 के अनुसार बस्तर संभाग के लिए गठित विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया किया जाये।

**विषय क्रमांक – 11 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

टेक्नीज बुक इंटरनेशनल, न्यू दिल्ली द्वारा प्राप्त देयक राशि रू. 2,41,766/– भुगतान की स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक/6608/स्टोर/ब.वि.वि./2019--20 दिनांक 13.11.2019 के द्वारा पुस्तक क्रय हेतु टेक्नीज बुक इंटरनेशनल, न्यू दिल्ली जारी किया गया था। उक्त क्रयादेश के अनुसार पुस्तकें प्रदाय करते हुए राशि रू. 241766/– का देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिसे परिग्रहण पंजी में प्रविष्टि किया गया है। उक्त देयक अनुसार राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

देयक अनुसार राशि रू. 2,41,766/– के भुगतान किये जाने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 12 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं के नवीनीकरण एवं नये हेतु होने वाले व्यय के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु विगत वर्ष की भांति (वर्ष 2020 में पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं हेतु रू. 376887.00 व्यय किया गया था) वर्ष 2021 में पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं का नवीनीकरण कराया जाना है, जिसमें अनुमानित लागत राशि 4.00 लाख व्यय होना सम्भावित है। उक्त अनुसार राशि की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं के नवीनीकरण एवं नये हेतु होने वाले व्यय की स्वीकृति दी गई।



0 9 APR 2021

9/4/2021

**विषय क्रमांक – 13 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

दिनांक 28.12.2020 को आयोजित ग्रंथालय समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।

**विभागीय टीपः–**

ग्रंथालय समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

ग्रंथालय समिति की बैठक दिनांक 28.12.2020 में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 14 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय को वातानुकूलित करने हेतु 2 टन क्षमता की 5 स्टार रेटिंग वाली 06 नग ए.सी. क्रय किये जाने के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय का उपयोग अधिक से अधिक उपयोगकर्ता की सुविधा के लिये ग्रंथालय को वातानुकुलित किया जाना है। वातानुकूलित करने हेतु 2 टन क्षमता की 5 स्टार रेटिंग वाली 06 नग ए.सी. क्रय किये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु अनुमानित व्यय राशि रू. 3.50 लाख सम्भावित है। उक्त अनुसार राशि एवं क्रय की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

छ.ग. शासन के भण्डार क्रय नियम के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करते हुए क्रय करने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 15 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

गोदरेज बुक रेक 10 नग क्रय किये जाने के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

पुस्तकें रखने के लिये पर्याप्त रेक नहीं होने के कारण 10 नग गोदरेज बुक रेक क्रय किया जाना है। इस हेतु अनुमानित व्यय राशि रू. 5.00 लाख सम्भावित है। उक्त अनुसार राशि एवं क्रय की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

छ.ग. शासन के भण्डार क्रय नियम के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करते हुए क्रय करने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 16 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

बस्तर विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सामग्रियों के क्रय करने की स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय में NAAC, शैक्षणिक एवं कार्यालयीन उपयोग हेतु सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सामग्रियों के क्रय करने की आवश्यकता है। सामग्रियों की संख्या एवं विवरण इस प्रकार है :–



09 APR 2021

| Item | Specification | Quantity |
|---|---|---|
| Desktop Computer | Desktop Computer Intel Core i3 (B SERIES)/8GB RAM/1TB/DVD/WiFi/1905 LED/Win 10 PRO With Anti Virus | 40 |
| Laptop | Laptop (Note Book) Intel Core i7/8 GB RAM/1TB HDD/14 Inch/ Win 10 Pro Win Anti Virus | 10 |
| Printer | Multi Function 3 in 1 Laser Printer [Black] | 20 |
| Web Cam | Web Camera [3 MP] | 10 |
| Hard Disk | 3.5 Inch Ext. HDD, 1 TB With USB 3.0 Interface | 12 |
| MS Office | MS Office [Office, Home & Business] 10 on Higher [OEM Preloaded Lincence] | 5 |
| Photocopier Machine | Print, Copy Scan, iR ADV 3 GB RAM, A3 15ppm & A4 25ppm, Monochrome Laser multifunction with DADF | 5 |

कार्यपरिषद की 29वीं बैठक दिनांक 03/11/2020 के पूरक एजेण्डा के विषय क्रमांक 1 में उपरोक्तानुसार विभिन्न सामग्रियों को क्रय करने हेतु रू. 40,60000 (चालीस लाख, साठ हजार रू) मात्र अनुमानित लागत का अनुमोदन प्राप्त हुआ है। उक्त लागत के अंतर्गत ही सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सामग्रियों की सूची को संशोधित करते हुए उपरोक्तानुसार अतिआवश्यक सामग्रियों को उपलब्धता के आधार पर CSIDC/ E-Manak/Tender/Quotation के माध्यम से क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित उपरोक्त सामग्रियों को छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम के अनुसार क्रय करने की अनुमति एवं अनुमानित लागत अनुसार व्यय करने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

छ.ग. शासन के भण्डार क्रय नियम के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करते हुए क्रय करने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 17 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

सत्र 2019– 20 का वार्षिक प्रतिवेदन मुद्रण कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति एवं व्यय राशि GST सहित रू. 3,31,953 =00 (तीन लाख, इकतीस हजार, नौ सौ तिरपन रूपये) के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 (300 बुक) का मुद्रण कार्य निविदा में स्वीकृत फर्म स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर से कराया गया है एवं छ.ग. विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा–47 के अनुसार विधान सभा के पटल पर (बजट सत्र 2021 में) में रखे जाने हेतु 150 बुक उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन को प्रेषित किया गया है। मुद्रण कार्य पश्चात् फर्म "स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर" का देयक क्रमांक 774, दिनांक 18/02/2021 तथा देयक क्रमांक 816, दिनांक 18/02/2021 की कुल राशि GST सहित रू. 3,31,953 =00 (तीन लाख, इकतीस हजार, नौ सौ तिरपन) के भुगतान हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में सम्पादित कराये जाने हेतु मुद्रण पूर्व कार्यपरिषद से स्वीकृति प्राप्त नहीं की जा सकी थी। अतः वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 (300 बुक) का मुद्रण कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक की राशि का भुगतान विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान एवं नियमानुसार करने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019– 20 (300 बुक) का मुद्रण कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए नियमानुसार भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।



0 9 APR 2021

9/4/2021

**विषय क्रमांक – 18 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु निविदा में स्वीकृत फर्म Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur से अनुबंध अवधि में आगामी 01 वर्ष तक पुनः वृद्धि करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 20 फरवरी 2020 को आयोजित किया गया था। इस हेतु Hi Tea For VVIP, Lunch For VVIP, Hi Tea For Common, Lunch For Common, किराया ऑडियो विजुएल सिस्टम (लाईटिंग, माईक हेतु) साउंड सिस्टम माईक सेट इत्यादि हेतु, तथा बैठक व्यवस्था के लिए स्वीकृत दर पर दिनांक 15/01/2020 को सफल निविदाकार/फर्म Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur के साथ 01 वर्ष के लिए अनुबंध किया गया था, जिसकी अवधि दिनांक 15/01/2021 को समाप्त हो चुकी है। चूंकि उक्त फर्म का कार्य संतोषप्रद रहा है तथा पुनः निविदा किये जाने का विज्ञापन आदि में अनावश्यक व्यय होगा। इस कारण अनुबंध की कंडिका 09 के अनुसार फर्म Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur के निविदा अनुबंध को आगामी 01 वर्ष तक अर्थात दिनांक 15/01/2022 तक पुनः बढ़ाया जा सकता है। इस हेतु फर्म सहमत है। उपरोक्तानुसार अनुबंध में वृद्धि किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

अनुबंध की कंडिका 09 के अनुसार फर्म Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur के निविदा अनुबंध को आगामी 01 वर्ष तक अर्थात दिनांक 15/01/2022 तक पुनः वृद्धि किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 19 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

अंतर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले विश्वविद्यालय के खेल टीमो को खेल सामग्रियां प्रदाय करने हेतु निविदा में स्वीकृत फर्म Sunny Sports World, Balaji Ward, Jagdalpur से अनुबंध अवधि में आगामी 01 वर्ष तक पुनः वृद्धि करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

अंतर्विश्वविद्यालयीन प्रतिस्पर्धाओं में सम्मिलित होने के लिए बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के खेल टीमों को खेल सामग्रियां प्रदाय करने के उद्देश्य से निविदा में स्वीकृत फर्म Sunny Sports World, Balaji Ward, Jagdalpur से खेल सामग्रियां क्रय करने के लिए स्वीकृत दर पर दिनांक 20/09/2019 को 01 वर्ष के लिए अनुबंध किया गया था, जिसकी अवधि दिनांक 20/09/2020 को समाप्त हो चुकी है। चूंकि उक्त फर्म का कार्य संतोषप्रद रहा है तथा पुनः निविदा किये जाने का विज्ञापन आदि में अनावश्यक व्यय होगा। इस कारण अनुबंध की कंडिका 06 के अनुसार निविदा अनुबंध आगामी 01 वर्ष तक अर्थात दिनांक 20/09/2021 तक बढ़ाया जा सकता है। इस हेतु फर्म सहमत है। उपरोक्तानुसार अनुबंध में वृद्धि किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।



0 9 APR 2021

9/4/2021

**निर्णय :–**

अनुबंध की कंडिका 06 के अनुसार फर्म Sunny Sports World, Balaji Ward, Jagdalpur से अनुबंध में आगामी 01 वर्ष तक अर्थात दिनांक 20/09/2021 तक पुनः वृद्धि किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 20 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

मुख्य उत्तर पुस्तिका एवं पूरक उत्तर पुस्तिका मुद्रण संबंधी छ.ग. संवाद, रायपुर के देयक Invoice No. 20-21/219 की राशि रू. 48,20182 =00 (अड़तालिस लाख, बीस हजार, एक सौ बयासी रूपये) का भुगतान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए 7 लाख मुख्य उत्तर पुस्तिका एवं 3 लाख पूरक उत्तर पुस्तिका मुद्रण हेतु छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर को मुद्रणादेश क्रमांक/6151/भण्डार/प.गो./ब.वि.वि./2019–20 जगदलपुर, दिनांक 20/09/2019 प्रेषित किया गया था। छ.ग. संवाद, रायपुर के देयक Invoice No. 20-21/219 अनुसार उक्त मुद्रण की लागत रू. 48,20182 =00 (अड़तालिस लाख, बीस हजार, एक सौ बयासी रूपये) है। उत्तर पुस्तिकाकाऐं विश्वविद्यालय को प्राप्त हो चुके हैं। उक्त कार्य की अनुमति हेतु कार्यपरिषद की 24वीं बैठक दिनांक 30/09/2019 के पूरक एजेण्डा के विषय क्रमांक 02 में प्रस्तुत किया गया था। अतः देयक अनुसार छ.ग. संवाद, रायपुर को राशि रू. 48,20182 =00 (अड़तालिस लाख, बीस हजार, एक सौ बयासी रूपये) का भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

देयक अनुसार छ.ग. संवाद, रायपुर को राशि रू. 48,20182 =00 (अड़तालिस लाख, बीस हजार, एक सौ बयासी रूपये) का भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 21 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के अकादमिक भवन के लिए 30 सीटर कांफ्रेंस टेबल CSIDC/Tender के माध्यम से क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के अकादमिक भवन के दोनो हॉल में कांफेंस/मीटिंग आदि के लिए 30 सीटर कांफ्रेस टेबल की आवश्यकता है। अतः दो 30 सीटर कांफ्रेंस टेबल क्रय किया जाना है। इसकी अनुमानित लागत रू. 2.00 (दो लाख रूपये) हो सकती है। उक्त सामग्री को विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अन्तर्गत छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम के अनुसार CSIDC/Tender के माध्यम से क्रय करने की अनुमति एवं स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

छ.ग. शासन के भण्डार क्रय नियम के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करते हुए क्रय करने की स्वीकृति दी गई।



0 9 APR 2021

**विषय क्रमांक – 22 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में Projector Set [05 Nos], DSLR Camera [02 Nos] क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों, कार्यालयीन आवश्यकताओं एवं निकट भविष्य में विश्वविद्यालय का NAAC प्रत्यायन कराये जाने को दृष्टिगत रखते हुए Projector Set [05 Nos], DSLR Camera [02 Nos] क्रय किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी अनुमानित लागत रू. 5.00 (पांच लाख) तक हो सकती है। विश्वविद्यालय में दस अध्ययनशाला संचालित हैं। अतः सुचारू एवं उन्नत शैक्षणिक वातावरण के लिए उक्त सामग्रियों की आवश्यकता है। उक्त सामग्री को विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अन्तर्गत छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम के अनुसार CSIDC/Tender के माध्यम से क्रय करने की अनुमति एवं स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

छ.ग. शासन के भण्डार क्रय नियम के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आवश्यकतानुसार क्रय करने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक – 23 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

बस्तर विश्वविद्यालय परीक्षा एवं अकादमिक विभाग के लिए 02 नग उच्च गुणवत्तायुक्त Print, Copy Scan, Send, Fax iR ADV 3 GB RAM, A3 25ppm & A4 51ppm, Monochrome Laser multifunction with DADF सुविधा युक्त फोटोकॉपीयर मशीन क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के द्वारा विश्वविद्यालयीन परीक्षा कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए तथा अकादमिक विभाग में अकादमिक गतिविधियों, कार्यालयीन कार्यों, अध्ययन मण्डल, विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद की बैठक आयोजित करने पर आवश्यक कार्य सम्पादित करने के लिए उक्त दोनो विभाग के लिए 01–01 नग उच्च गुणवत्तायुक्त Print, Copy Scan, Send, Fax iR ADV 3 GB RAM, A3 25ppm & A4 51ppm, Monochrome Laser multi-function with DADF सुविधा युक्त फोटोकॉपीयर मशीन की नितांत आवश्यकता है। जिसकी अनुमानित लागत रू. 10.00 (दस लाख रूपये) होने की संभावना है। उक्त सामग्री को विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अन्तर्गत छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम के अनुसार CSIDC/Tender के माध्यम से क्रय करने की अनुमति एवं स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

छ.ग. शासन के भण्डार क्रय नियम के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करते हुए क्रय करने की स्वीकृति दी गई।



09 APR 2021

9/4/2021

**विषय क्रमांक – 24 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु मुद्रण तथा विभिन्न कार्य के लिए अनुबंधित फर्म "स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर" की अनुबंध अवधि में आगामी 01 वर्ष तक अर्थात दिनांक 08/01/2022 तक वृद्धि करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु मुद्रण तथा विभिन्न कार्य के लिए सफल निविदाकार/फर्म "स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर" से दिनांक 09/01/2020 को 01 वर्ष हेतु अनुबंध किया गया था। अनुबंध की अवधि दिनांक 09/01/2021 को समाप्त हो गई है। चूंकि उक्त फर्म का कार्य संतोषप्रद रहा है तथा पुनः निविदा किये जाने का विज्ञापन आदि में अनावश्यक व्यय होगा। इस हेतु अनुबंध की कंडिका 05 के अनुसार पुनः अनुबंध अवधि 01 वर्ष तक अर्थात दिनांक 08/01/2022 तक बढ़ाया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु फर्म सहमत है। विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम सहित मुद्रण तथा विभिन्न कार्य के लिए आगामी 01 वर्ष तक निविदा का अनुबंध में वृद्धि किये जाने स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

अनुबंध की कंडिका 05 के अनुसार फर्म "स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर" से अनुबंध में आगामी 01 वर्ष तक अर्थात दिनांक 08/01/2022 तक पुनः वृद्धि किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 25**

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

**विषय क्रमांक –1 (अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

सत्र 2020–21 में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया संबंधी कार्य सम्पादन उपरांत फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल द्वारा प्रस्तुत देयक की राशि जी.एस.टी. सहित रू. 5,75,144/– के विरूद्ध किये गये 90 प्रतिशत राशि के भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति एवं शेष 10 प्रतिशत राशि के भुगतान करने की अनुमति के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर से संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा अनुबंधित एजेन्सी एम.आई.सी.एस. भोपाल के द्वारा दिनांक 01.08.2020 से 29.10.2020 तक सम्पादित किया गया है। परीक्षा गोपनीय विभाग से प्राप्त दस्तावेज अनुसार निविदा उपरांत उक्त फर्म को जारी कार्यादेश क्रमांक/5746/परीक्षा गोप./भं./ब.वि.वि./2019–20 जगदलपुर, दिनांक 22.08.2019 एवं उक्त फर्म के साथ किये गये अनुबंध के अनुसार ऑनलाईन प्रवेश हेतु प्रति छात्र दर राशि रू. 11/– निर्धारित है। उक्त फर्म के कार्य अवधि में सत्र 2020–21 के कार्य सम्पादन हेतु कार्यादेश क्रमांक/1345/ब.वि.वि./गोपनीय/2020 जगदलपुर दिनांक 15.06.2020 द्वारा वृद्धि किया गया है।



0 9 APR 2021

9/4/2021

सत्र 2020–21 में बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर से संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया उक्त अनुबंधित एजेन्सी के द्वारा दिनांक 01.08.2020 से 29.10.2020 तक सफलतापूर्वक सम्पादित किये जाने पश्चात् देयक क्रमांक 360 दिनांक 07.11.2020 विश्वविद्यालय अकादमिक विभाग में प्राप्ति दिनांक 07.12.2020 अनुसार ऑनलाईन प्रवेश हेतु प्रति छात्र निर्धारित दर राशि रू. 11/– अनुसार कुल ऑनलाईन पंजीयन 44310 के लिए राशि रू. 487410/–, 18 प्रतिशत जी.एस.टी. की राशि रू. 87733.80 कुल भुगतान योग्य राशि रू. 5,75,144/– (राशि रू. पाँच लाख पचहत्तर हजार एक सौ चवालीस) के विरूद्ध वित्त शाखा द्वारा परीक्षणोंपरांत प्रस्ताव अनुसार देयक की राशि रू. 487410/– की 90 प्रतिशत राशि रू. 438669/– एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी. की राशि रू. 78960/– कुल भुगतान योग्य राशि रू. 517629/– (पाँच लाख सत्रह हजार छः सौ उन्तीस रूपये) में से 2 प्रतिशत जी.एस.टी. की राशि रू. 10353/– (दस हजार तीन सौ तिरपन रूपये) एवं 2 प्रतिशत टी.डी.एस. की राशि रू. 10353/– (दस हजार तीन सौ तिरपन रूपये) नियमानुसार कटौती करते हुए राशि रू. 496923/– (चार लाख छियान्बे हजार नौ सौ तेईस रूपये) का भुगतान संबंधित फर्म को धनादेश क्रमांक 487262 दिनांक 22.12.2020 द्वारा किया गया है। देयक में भुगतान हेतु वर्णित राशि रू. 487410/– की 10 प्रतिशत राशि रू. 48741/– एवं 18 प्रतिशत जी.एस. टी. की राशि रू. 78960/– की 10 प्रतिशत राशि रू. 8774/– कुल राशि रू. 57515/– (सन्तावन हजार पाँच सौ पन्द्रह रूपये) का भुगतान नहीं किया गया है। अनुबंध की कंडिका–16 के अनुसार प्राप्त देयक के 10 प्रतिशत राशि का भुगतान अनुबंध में वर्णित सर्टिफिकेट के बाद किया जाना है।

उपरोक्तानुसार संबंधित फर्म को राशि रू. 496923/– (चार लाख छियान्बे हजार नौ सौ तेईस रूपये) का भुगतान किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति एवं देयक में भुगतान हेतु वर्णित राशि रू. 487410/– की 10 प्रतिशत राशि रू. 48741/– एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी. राशि रू. 78960/– की 10 प्रतिशत राशि रू. 8774/– कुल राशि रू. 57515/– (सन्तावन हजार पाँच सौ पन्द्रह रूपये) का भुगतान करने की अनुमति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए शेष कुल राशि रू. 57515/– (सन्तावन हजार पाँच सौ पन्द्रह रूपये) का भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –2 (परीक्षा–गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

परीक्षा, गोपनीय कार्य सम्पादन हेतु अनुबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल के देयक क्रमांक 352, 354 में भुगतान हेतु वर्णित राशि रू. 100000/– + रू. 25000/– कुल राशि रू. 125000/– के भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

(A) विश्वविद्यालय का कार्यादेश क्रमांक 1511/भंडार/ब.वि.वि./जगदलपुर दिनांक 17.07.2020 के माध्यम से (1) Online Application for Mark Sheet Correction (2) Examination Center change request (3) Application for merit certificate/Gold medal (4) Valuatiion/ Revaluation/Panal Valuation entry of marks system आदि कार्यो के लिए कार्यादेश जारी किया गया था। उपरोक्त कार्यो का सफलता पूर्वक समाप्ति पश्चात संबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल के द्वारा देयक क्र. 352 के माध्यम से 1,00,000/–रू. (एक लाख रू.) का देयक प्रस्तुत किया गया था।



0 9 APR 2021

9/4/2021

(B) विश्वविद्यालय का कार्यादेश क्रमांक 1703/भंडार/ब.वि.वि./जगदलपुर दिनांक 03.09.2020 के माध्यम से प्राप्तांको का आनलॉईन एंट्री हेतु User Accessibility Service Portal बनाने कार्यादेश जारी किया गया था। कार्य समाप्ति पश्चात देयक क्र. 354 के माध्यम से 25,000/– रू. (पच्चीस हजार रू.) का देयक प्रस्तुत किया गया था।

अतः उपरोक्त (A) एवं (B) में दर्शित देयकों का वित्त शाखा से परीक्षण उपरांत कुल योग 1,25,000/– रू. का 2% TDS, GST कटौती कर (1,25,000–5,000) = 1,20,000 रू. (एक लाख बीस हजार रू.) का भुगतान दिनांक 17.12.2020 को किया गया है।

भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति के लिए प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

उपरोक्तानुसार भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –3 (परीक्षा–गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

परीक्षा, गोपनीय कार्य सम्पादन हेतु अनुबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल के देयक क्र. 367, 368 एवं 369 में भुगतान हेतु वर्णित राशि रू. 15,29,998/– एवं रू. 100000/– कुल राशि रू. 16,29,998/– के भुगतान की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

(A) विश्वविद्यालय की (Pre & Post Examination) वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2019–20 कार्यो के लिए एम.आई.सी.एस. भोपाल एवं कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के मध्य दिनांक 19.08.2019 को अनुबंध किया गया था। अनुबंध में दर्शित शर्तो/दर के अनुसार संबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल के द्वारा कार्य का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया है। फर्म से सफल कार्य समाप्ति पश्चात देयक क्र. 367, 368 के माध्यम से कुल देयक राशि रू. 15,29,998/–रू. (पन्द्रह लाख उनतीस हजार नौ सौ अन्ठानबे रूपये) का भुगतान करने हेतु देयक प्राप्त हुआ है।

(B) विश्वविद्यालय द्वारा Online Verification, Correction & Approval of Enrollment & Examination Work इत्यादि कार्य के लिए विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक 1988/भंडार/परीक्षा–गोप./ब.वि.वि./2020–21 दिनांक 12.11.2020 द्वारा फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल को कार्यादेश जारी किया गया था। कार्य समाप्ति पश्चात फर्म से देयक क्र. 369 के माध्यम से 1,00000/–रू. (एक लाख रू.) का भुगतान करने हेतु देयक प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त (A) एवं (B) में दर्शित देयकों में वर्णित कुल राशि 16,29,998/–रू. (सोलह लाख उन्तीस हजार नौ सौ अन्ठानबे रूपये) का संबंधित फर्म को भुगतान किये जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

उपरोक्तानुसार फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल को भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।



09 APR 2021

**विषय क्रमांक – 4 (कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

सेमेस्टर परीक्षा, जुलाई–दिसम्बर 2020 के कुल देयक राशि रू. 13,98,755/– का भुगतान विश्वविद्यालय के गोपनीय मद से किये जाने की स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीपः–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की सेमेस्टर परीक्षा, जुलाई–दिसम्बर 2020 का देयक बिल नं. GP/01/21-22, Date 02.04.2021 मुद्रण/डिलिवरी/सिक्यूरिटी संबंधी देयक 12,48,888.50, IGST@12% का भुगतान 1,49,866.62 कुल देयक राशि रू. 13,98,755.00 के गोपनीय मुद्रण का भुगतान करने के लिए स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है। उपरोक्त राशि का भुगतान परीक्षा समाप्त होने के बाद किया जावेगा।

**निर्णय :–**

उपरोक्तानुसार गोपनीय मुद्रण कार्य के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। भुगतान परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् किया जाये।

**विषय क्रमांक – 5 (भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवन के छत पर सोलर पावर प्लांट की स्थापना करने की अनुमति सह स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवन के छत पर सोलर पावर प्लांट की स्थापना करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ शासन जिला कार्यालय सी–2, धरमपुरा–1, जगदलपुर के पत्र क्रमांक/क्रेडा/जि.का.ब./2021/47, बस्तर दिनांक 08.04.2021 द्वारा 21 KW सयंत्र क्षमता के 2 नग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने हेतु प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत किया गया है। प्राक्कलन अनुसार प्रशासनिक भवन के छत पर 21 KW सयंत्र क्षमता के 1 नग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने हेतु राशि रू. 26,63,978.00 व्यय लागत आकलित किया गया है तथा अकादमिक भवन के छत पर 21 KW सयंत्र क्षमता के 1 नग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने हेतु राशि रू. 26,02,747.00 व्यय लागत आकलित किया गया है। इस प्रकार 21 KW सयंत्र क्षमता के 2 नग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने हेतु राशि रू. 52,66,725.00 व्यय लागत आकलित किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार उपरोक्त कार्य कराये जाने की अनुमति सह स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) से 21 KW सयंत्र क्षमता के 2 नग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने हेतु प्राप्त प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने एवं विश्वविद्यालय मद से राशि रू. 52,66,725.00 व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

कुलपति
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

9/04/2021
कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर



0 9 APR 2021